दिन– रविवार दिनांक– 05 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. महिला आरक्षण पर संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र सोलह अप्रैल से। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी दलों से की समर्थन की अपील।

02 केंद्र सरकार ने कहा – देश में तेल और गैस की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में जमाखोरी रोकने के लिए विशेष प्रबंध।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दस अप्रैल को राज्यसभा सांसद के तौर पर लेंगे शपथ। प्रदेश में नये मुख्यमंत्री की घोषणा जल्द।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश भागों में जताया तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान।

---

केंद्र सरकार ने सोलह अप्रैल से संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र बुलाया है। इसका उद्देश्य महिला आरक्षण के लिए दो हजार तेईस में पारित कानून पर अमल के मामले को आगे ले जाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे लोकसभा और प्रदेश की विधानसभाओं में महिलाओं को तैंतीस प्रतिशत आरक्षण के प्रस्ताव को समर्थन दें। श्री मोदी ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण का मुद्दा लगभग चार दशक से लंबित है तथा इसमें अब और अधिक देरी नही की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मामला महिलाओं के सशक्तिकरण का है, इसीलिए हर राजनीतिक विचारधारा को इसका समर्थन करना चाहिए। लोकसभा और विधानसभाओं में महिला आरक्षण का प्रावधान वर्ष दो हजार उनतीस से लागू होगा।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री महिला आरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। श्री प्रसाद ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में सभी पार्टियों से इसका समर्थन करने की अपील की।

–––साउंड बाइट–––

---

कांग्रेस सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने महिला आरक्षण कानून को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने पर कहा कि सरकार विधानसभा चुनाव में फायदे के लिए यह कदम उठा रही है। श्री सिंह ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि यह बिल पहले ही सर्वसम्मति से पास हो चुका है।

---साउंड बाइट---

---

केंद्र सरकार देश भर में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता बनाए रखने के लिए सभी प्रयास कर रही है। सरकार ने नागरिकों से एलपीजी सिलेंडर बुक कराने के लिए डिजिटल तरीकों का उपयोग करने तथा गैस वितरकों के पास अनावश्यक जाने से बचने को कहा है। तेल और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया है कि पांच किलोग्राम वाले छोटे सिलेंडर नजदीकी एलपीजी वितरक के पास उपलब्ध है और इन्हें कोई भी वैध पहचान पत्र दिखाकर खरीदा जा सकता है। इनके लिए किसी आवासीय पते की आवश्यकता नहीं है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि विमानों की उड़ानों में लगातार तेजी आ रही है और अट्ठाईस फरवरी से तकरीबन सात लाख दो हजार यात्री खाड़ी क्षेत्र से भारत लौटे हैं।

---

पश्चिम एशिया संकट के बीच प्रदेश के विभिन्न जिलों में एलपीजी आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। किशनगंज के जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा है कि जिले में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और वितरण सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बुकिंग के बाद दो से तीन दिनों के अंदर सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं, कैमूर, अरवल, अररिया, बांका और सुपौल से हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि एलपीजी के वितरण पर जिला पदाधिकारी खुद नजर बनाए हुए हैं। सभी वितरण केंद्रों पर कर्मियों को तैनात किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो रही है। प्रशासन की ओर से गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो और सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली की सराहना की है।

श्री कुशवाहा ने सासाराम में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि आज दुनिया के कई देशों में तेल और गैस का गंभीर सकंट पैदा हो गया है, लेकिन भारत में स्थिति सामान्य बनी हुई है।

———साउंड बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दस अप्रैल को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने आज कहा कि मुख्यमंत्री के राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के बाद राज्य के नये मुख्यमंत्री पर फैसला किया जाएगा। श्री सरावगी ने कहा कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व, एनडीए और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सब मिलकर नये सीएम का फैसला करेंगे।

———साउंड बाइट———

---

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए राज्य की एनडीए सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया है। श्री यादव ने पोस्ट में सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले इक्कीस वर्षों में एनडीए की सरकार के दौरान बिहार साक्षरता दर, प्रति व्यक्ति आय और किसानों की आय जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में देश में सबसे नीचे बना हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया एनडीए सरकार में अपराध, गरीबी, बेरोजगारी, पलायन और भ्रष्टाचार काफी बढ़ गया है। तेजस्वी यादव के इस बयान का कांग्रेस ने समर्थन किया है।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने तेजस्वी प्रसाद यादव के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वे बिहार को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। श्रवण कुमार ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि एनडीए पर आरोप लगाने से पहले, उन्हें राजद के पंद्रह सालों के कुशासन का हिसाब देना चाहिए।

———साउंड बाइट———

---

विधि और न्याय मंत्रालय में अपर सचिव के.वी. कुमार ने कहा है कि जन विश्वास संशोधन विधेयक से व्यापार और जीवन सुगम होगा। डॉ. कुमार ने आकाशवाणी को बताया कि इस विधेयक में तेईस मंत्रालयों से जुड़े सात सौ चौरासी प्रावधान शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिए कई प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया गया है।

———साउंड बाइट———

व्यापार को सुगम बनाने के उद्देश्य से सात सौ 17 प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया हैं। जबकि आम लोग के जीवन को आसान बनाने के लिए 67 प्रावधानों में संशोधन किया गया है। इस विधेयक का उद्देश्य एक हज़ार से अधिक अपराधों को तर्कसंगत बनाना है, जिसमें छोट–मोटे अपराधों को हटाया गया है।

---

दरभंगा एयरपोर्ट से बेंगलुरु के लिए सीधी हवाई सेवा आज से शुरू हो गई है। अब यात्रियों को बेंगलुरु जाने के लिए पटना या कोलकाता नहीं जाना होगा। यात्री सीधे दरभंगा से उड़ान भर सकेंगे। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और सांसद गोपाल जी ठाकुर शामिल हुए।

---

नवादा जिले के वारिसलीगंज में नई चीनी मिल खोलने की कोशिश तेज़ हो गई है। सांसद विवेक ठाकुर ने प्रखंड के मकनपुर गांव में प्रस्तावित चीनी मिल स्थल का मुआयना करने के बाद कहा कि इससे किसानों को काफी लाभ होगा। गौरतलब है कि वारिसलीगंज स्थित पुरानी चीनी मिल उन्नीस सौ बानवे से बंद पड़ी है, जिसकी जमीन सीमेंट फैक्ट्री को हस्तांतरित कर दी गई है। इसके बाद अब नई चीनी मिल के लिए मकनपुर के समीप स्थल का चयन किया गया है।

---

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर बारिश की संभावना व्यक्त की है। आज राज्य के औरंगाबाद, बांका और रोहतास जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई है।

———साउंड बाइट———

इधर, विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर नौ अप्रैल तक तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है।

---

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों की हर संभव सहायता की जाएगी। उन्होंने कहा है कि सरकार स्थिति पर नज़र बनाए हुए है और किसानों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए संबंधित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि स्थिति के आकलन के बाद किसानों को नुकसान का मुआवजा दिया जाएगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पश्मिच चंपारण जिले के वाल्मीकि नगर टाइगर रिजर्व का दौरा किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गिद्ध संरक्षण केंद्र और लव–कुश पार्क सहित कई योजनाओं का लोकापर्ण किया। मुख्यमंत्री ने जंगल सफारी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।

---

पूर्व उप–प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती पर आज उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि बाबू जगजीवन राम ने अपना जीवन समानता और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि पूर्व उप–प्रधानमंत्री का राष्ट्र के प्रति अमूल्य योगदान हमेशा याद किया जाता रहेगा। इधर, पटना में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा ने बाबू जगजीवन राम की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर राज्य सरकार के कई मंत्री और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

---

ईसाई धर्मावलंबी आज ईस्टर का त्योहार मना रहे हैं। इस अवसर पर पटना स्थित पादरी की हवेली सहित प्रदेश के विभिन्न गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा और अन्य धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इधर, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने ईस्टर के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को ईस्टर की शुभकामनाएं दी हैं।

---

रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र के सिल्लारी गांव में भीषण अगलगी में सैकड़ों बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। इधर, पश्चिम चंपारण जिले के चनपटिया प्रखंड अंतर्गत खैरवा टोला में देर रात अगलगी की घटना में चालीस से अधिक कच्चे मकान जल गए। वहीं, इस घटना में कई मवेशियों की भी मौत हो गयी। दूसरी तरफ, शेखपुरा जिले के अरियरी प्रखंड के कसार गांव में पराली जलाने के दौरान भीषण आग लग गई, जिससे लगभग चालीस बीघा में लगी गेहूं की फसल बर्बाद हो गयी।

---

बेगूसराय जिले के मंसूरचक थाना क्षेत्र के दशरथपुर गांव में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में दरभंगा जिला के नगर थाना क्षेत्र में आभूषण लूटकांड के छह अपराधियों को चोरी के आभूषण और हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है।

---

कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो अपराधियों को देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के बरारी थाना के महारानी गांव से पुलिस ने एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।

---

शेखपुरा जिले के घाटकुसुंभा प्रखंड में घाटकुसुंभा–कोयला पथ पर एक वाहन दुर्घटना में डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गए। हमारे संवाददाता के अनुसार सभी लोग गंगा स्नान करने जा रहे थे। इस दौरान गाड़ी का संतुलन बिगड़ने से यह दुर्घटना हुई। घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. महिला आरक्षण पर संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र सोलह अप्रैल से। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी दलों से की समर्थन की अपील।

02 केंद्र सरकार ने कहा – देश में तेल और गैस की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में जमाखोरी रोकने के लिए विशेष प्रबंध।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दस अप्रैल को राज्यसभा सांसद के तौर पर लेंगे शपथ। प्रदेश में नये मुख्यमंत्री की घोषणा जल्द।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश भागों में जताया तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।